# एमडीए 360°

## त्रैमासिक पत्रिका




**अप्रैल - जून 2025**

**अंक : 2**

# नए शहर की ओर बढ़ते कदम

आओ कल्पना करें एक ऐसे शहर की,
जहाँ प्रत्येक सड़क प्रगति की एक कहानी कहती है,
जहाँ हरित क्षेत्र शांति का आमंत्रण देते हैं,
जहाँ विकास समग्र और संतुलित है,
जहाँ पर्यावरण सतत और संरक्षित हो,
और जहाँ आपके सुझाव शहर के बेहतर नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

यह कोई कल्पना नहीं है, बल्कि यह शहर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अवगाई में सभी हितधारकों के समर्पित प्रयासों के कारण एक सजीव वास्तविकता के रूप में साकार हो रहा है। एमडीए 360° की द्वितीय त्रैमासिक संस्करण में हम आपको आमंत्रित करते हैं- द्वितीय तिमाही में हुए अभूत पूर्व परिवर्तनों की यात्रा पर, जो यह दर्शाती है कि किस प्रकार रणनीतिक दृष्टिकोण, अभिनव परियोजनाएँ, तथा नागरिकों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता, एक ऐसे मुरादाबाद का निर्माण कर रही हैं जिस पर हम सभी स्वयं को गौरन्वित महसूस कर सकते हैं।

# उन्नति-संदेश

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र की नगरीय संरचना को आकार देने में निरंतर एक केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। समावेशी विकास आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण तथा जन-केंद्रित नियोजन पर विशेष बल देते हुए, एम०डी०ए० यह दर्शाता है कि किस प्रकार क्षेत्रीय रूपान्तरण को सहभागितापूर्ण प्रशासन एवं सशक्त क्रियान्वयन के माध्यम से साकार किया जा सकता है।

मुरादाबाद में प्रगति की दिशा में हो रहा परिवर्तन सशक्त प्रशासनिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो सुधार, पारदर्शिता तथा नागरिक-केन्द्रित शासन व्यवस्था को समर्पित है। इस दृष्टिकोण के अंतर्गत मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने प्रक्रियाओं को सरल बनाने, परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तीव्रता लाने, तथा एक उत्तरदायी विकासात्मक ढाँचे के निर्माण की दिशा में निरंतर कदम उठाए हैं— जिससे योजनाएँ वास्तव में उन लोगों तक पहुँच सकें, जिनके लिए वे विकसित की गई हैं।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की यात्रा एक उद्देश्यपूर्ण प्रगति की परिचायक रही है। प्राधिकरण द्वारा जन सहभागिता को सशक्त बनाने हेतु संपत्ति मेला जैसे आयोजनों का सफलतापूर्वक संचालन, हितधारकों की जिज्ञासाओं का प्रत्यक्ष समाधान, तथा मैराथन जैसे जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ संपत्ति प्रबंधन प्रणालियों का सरलीकरण और नवीन आवासीय योजनाओं का शुभारंभ— इन सभी प्रयासों का उद्देश्य पारदर्शी, कुशल और भविष्य उन्मुख नगरीय विकास सुनिश्चित करना रहा है।



***श्री आञ्जनेय कुमार सिंह** (आई.ए.एस.)*
***आयुक्त मुरादाबाद मंडल, मुरादाबाद***



***श्री अनुभव सिंह** (आई.ए.एस.)*
***उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण***



***श्रीमती अंजूलता** (आई.ए.एस.)*
***सचिव, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण***

# नेतृत्व परिवर्तन

## मु.वि.प्रा के पूर्व उपाध्यक्ष, श्री शैलेष कुमार (आई.ए.एस.) को भावभीनी विदाई



प्रशासनिक परिवर्तन के अंतर्गत, शासन द्वारा **श्री शैलेष कुमार (आई.ए.एस.)** को **उत्तर प्रदेश के भदोही जनपद का जिलाधिकारी** नियुक्त किया गया है।

उनकी **कार्यशैली में सुशासन, जन-हितैषी नीतियों का सशक्त अनुपालन, तथा निरंतर विकास के प्रति दृढ़प्रतिबद्धता रही।** उन्होंने बहुस्तरीय योजनाओं का प्रभावी संचालन करते हुए नगरीय नियोजन एवं प्रशासनिक पारदर्शिता हेतु एक सशक्त एवं स्थायी अधिष्ठान की स्थापना की।

**उत्तर प्रदेश के भदोही जनपद के जिलाधिकारी** के रूप में उनकी नवीन पदस्थापना, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण परिवार में विकसित नेतृत्व कौशल की उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने न केवल महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की, बल्कि अपने उत्तराधिकारी के लिए एक सुदृण विकास की नीव राखी जिसने उनके योजनात्मक प्रयासों, व कर्तव्यनिष्ठा और प्रतिबद्धता को सिद्ध किया।

इस महत्वपूर्ण दायित्व का पदभार ग्रहण करते हुए, पूर्व उपाध्यक्ष की दूरदर्शी सोच को क्रियान्वित करने एवं इसे उच्चतर स्तर पर ले जाने के संकल्प के साथ, नियोजित विकास समग्र सुधारों पर विशेष बल देते हुए, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त उपाध्यक्ष, **श्री अनुभव सिंह (आई.ए.एस.) ने दिनांक 23 अप्रैल 2025 को** पदभार ग्रहण किया।




उनके नेतृत्व में निम्नलिखित प्रमुख परियोजनाओं सहित अनेक योजनाओं को नवीन गति प्राप्त हुई है—

- **दिल्ली रोड के उच्चीकरण का कार्य**
- **जीरो पॉइंट पर अर्बन विस्टा का विकास**
- **मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का डिजिटल रूपांतरण संपत्तियों का विक्रय तथा आपसी सहमति से भूमि क्रय प्रक्रिया का सशक्तिकरण**

**श्रावस्ती जनपद में मुख्य विकास अधिकारी** के रूप में **उनके पूर्व** अनुभवों से प्राप्त जमीनी स्तर पर केंद्रित प्रशासनिक प्रणाली एवं परिणाम-प्रधान कार्यशैली के साथ, श्री सिंह एक स्पष्ट दृष्टिकोण लेकर आए हैं।

# आवास एवं सम्पत्ति

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का **विजन** सभी के लिए आवास तथा पारदर्शी सम्पत्ति लेन-देन की संकल्पना के अनुरूप, मुरादाबाद में नव-प्रकाशित एवं रिक्त संपत्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत की जा रही है। प्राधिकरण सभी आवासीय, वाणिज्यिक तथा निवेश संबंधी जिज्ञासाओं के लिए एक सुलभ, पारदर्शी एवं कुशल प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है-



**लॉटरी**



**पहले आओ पहले पाओ**




**ई - नीलामी**

| # | आय समूह | योजना का नाम | इकाइयों की संख्या | क्षेत्र/इकाई (वर्ग मीटर)) | संभावित दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EWS | अरावली एन्क्लेव (मझोला योजना) | 145 | 38.46 | 4,31,450.00 |
| 2 | | रामगंगा द्वितीय | 7 | 28.32 | 7,37,000.00 |
| 3 | LIG | विध्यांचल एन्क्लेव (देहरी मस्तकम) | 117 | 75.44 | 25,93,300.00 |
| 4 | | अलकनंदा एन्क्लेव (ढक्का योजना) | 181 | 74.80 | 20,32,100.00 |
| 5 | | कांशीराम जी नगर | 30 | 36.1 | 15,75,700.00 |
| 6 | | न्यू मुरादाबाद सेक्टर-16ए | 7 | 72.0 | 16,34,100.00 |
| 7 | | अमृत कुंज (एकता विहार-दक्षिण)) | 244 | 41.80 | 16,67,600.00 |
| 8 | MIG | रामगंगा द्वितीय | 23 | 87.73 | 27,20,000.00 |
| 9 | MMIG | कांशीराम जी नगर | 10 | 100.1 | 31,83,900.00 |
| 10 | | कबीर नगर | 7 | 100.1 | 23,45,400.00 |
| 11 | | समृद्धि विहार (नया मोरादाबाद सेक्टर 16बी) | 54 | 51.28 | 26,03,000.00 |
| 12 | | समृद्धि विहार (नया मोरादाबाद सेक्टर 16बी) | 26 | 52.00 | 29,37,000.00 |
| | Ashray Bhawan | आज़ाद नगर | 2 | 25.92 | 4,11,400.00 |

***नोट: प्रत्येक योजना के नियम और विनियम अलग-अलग हैं, कृपया योजना पुस्तिका के लिए janhit.upda.in देखें।***

## *मुरादाबाद की विभिन्न योजनाओं का स्थान मानचित्र, योजना लेआउट्स तथा स्थल चित्रों सहित।*




| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | अरावली एनक्लेव | B | विद्यांचल एनक्लेव | C | अलकनंदा एनक्लेव | D | रामगंगा द्वितीय | E | मान्यवर कांशीराम |
| F | कबीर नगर | G | न्यू मुरादाबाद 15ए | H | न्यू मुरादाबाद 16ए | I | अमृत कुंज | J | समृद्धि विहार |

**नवीनतम संपत्ति विवरण के लिए स्कैन करें"**

अपने नाम से संपत्ति पंजीकृत कराने एवं बुकिंग हेतु कृपया दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें

Open any browser and type janhit.upda.in

↓

Click on Registration for allotment (Module)

↓

Click on Proceed and Select Moradabad Development Authority (Logo)

↓

Back on Home page and login with your created User name and password

↓

Click on Add new Registration

↓

Click on Scheme name and Select "the name of your desired SCHEME"

↓

Click on required category for: "plot, house, or shop"

↓


Pay Booklet Fee & Registration amount.

**विवरण के लिए संपर्क करें**

Shri Pradeep Yadav,
Computer Operator
+91-79065 98448

**विभिन्न संपत्तियों और उनके स्थानों की जानकारी प्राप्त करें।**

# समृद्धि विहार








## संपत्ति की साइट फोटो व 3D इमेज

दिल्ली-मुरादाबाद राजमार्ग से 0.5 किमी (1 मिनट)।

रेलवे स्टेशन इलाके से 6 किमी (15 मिनट) की दूरी पर है।

इलाके से 1 किमी (5 मिनट) की दूरी पर 2 स्कूल और अस्पताल हैं।

# अमृत कुंज







**संपत्ति की साइट फोटो व 3D इमेज**

रामपुर-मुरादाबाद राजमार्ग से 1 किमी (5 मिनट)।

रेलवे स्टेशन इलाके से 11 किमी (30 मिनट) की दूरी पर है।

इलाके से 1 किमी (5 मिनट) के भीतर 6 स्कूल हैं।

इलाके से 5 किमी (15 मिनट) के भीतर 5 अस्पताल।








**संपत्ति की साइट फोटो व 3D इमेज**

दिल्ली-मुरादाबाद राजमार्ग से 2.7 किमी (5 मिनट)

रेलवे स्टेशन इलाके से 7 किमी (15 मिनट) की दूरी पर है

स्कूल इलाके से 1.5 किमी (5 मिनट) की दूरी पर है

अस्पताल इलाके से .5 किमी (1 मिनट) की दूरी पर है

# अरावली आवासीय परिसर




## मंडी समिति रोड के पास



### संपत्ति की साइट फोटो व 3D इमेज

रामपुर-मुरादाबाद रोड से 4.5 किमी (15 मिनट)।

रेलवे स्टेशन इलाके से 4.5 किमी (15 मिनट) की दूरी पर है।


इलाके से 1.0 किमी (5 मिनट) के भीतर 5 स्कूल।

6 अस्पताल इलाके से 5 किमी (15 मिनट) के भीतर है।

# सुनियोजित विकास

*मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सुनियोजित विकास की परिकल्पना का जीवंत स्वरुप प्राधिकरण द्वारा विकसित नई आवासीय योजनाओं के रूप में प्रदर्शित होता है, जो सुदृढ़ एवं आधुनिक जीवनशैली के लिए अभिकल्पित हैं; ये स्थल सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के केंद्र बनते हैं तथा जहाँ सभी के लिए अवसर सृजित होते हैं।*


गोविंदपुरम् टाउनशिप का शुभारंभ अक्टूबर 2025 में प्रस्तावित है |दिल्ली-मुरादाबाद रोड के दक्षिण में स्थित, यह 47 हेक्टेयर की अत्याधुनिक योजना मंगूपुरा एवं मनोहरपुर ग्रामों की भूमि पर विकसित की जा रही है। यह केवल भूखंडों एवं आवासों का समूह नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित जीवनशैली का प्रतीक है।




**प्लॉट्स एवं ग्रुप हाउसिंग** | **वाणिज्यिक परिसर** | **मनोरंजन क्षेत्र** | **पार्क एवं खुले स्थान** | **बहु-खेल सुविधाएं** | **स्मार्ट निगरानी प्रणाली**

*बरेली और लखनऊ बायपास से सुलभ संपर्क, क्षेत्रीय कॉरिडोरों तक पहुँच — एक प्रमुख निवेश अवसर।*

*यह योजना एमडीए भवन से मात्र 100 मीटर की दूरी पर है तथा एनएच 9 और दिल्ली-मुरादाबाद रोड के बीच स्थित है।*




## पीतलनगरी को अक्टूबर में मिलेगी स्मार्ट टाउनशिप की सौगात

जागरण संवाददाता, मुरादाबादः शहर के विकास को नया आयाम देने की दिशा में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) मनोहपुर और मंगूपुरा की जमीन पर बसाए जाने वाली गोविंदपुरम टाउनशिप के लिए 32 हेक्टेयर जमीन खरीद चुका है। एमडीए की इस पहली गेटेड कालोनी के लिए प्लानिंग करने के लिए एजेंसी तय हो जाएगी। इसके लिए निविदा निकाले जाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। प्लानिंग के बाद अक्टूबर में इस टाउनशिप को लांच कराने की योजना है। यह टाउनशिप न केवल शहर के विस्तार और जनसंख्या दबाव को संतुलित करेगी, बल्कि एक आधुनिक, सुनियोजित और पर्यावरण-समर्पित होगी।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि देश के प्रतिष्ठित रेडियो खगोल वैज्ञानिक डा. गोविंद स्वरूप के नाम पर इस टाउनशिप का नामकरण किया गया है, जो इसे एक वैज्ञानिक सोच और दृष्टिकोण से प्रेरित विकास योजना के रूप में स्थापित करता है।



गोविंदपुरम टाउनशिप का संभावित चिह्नित क्षेत्र • सौ. एमडीए



गोविंदपुरम टाउनशिप की जमीन को समतल करता बुलडोजर • सौ. एमडीए

गोविंदपुरम टाउनशिप अक्टूबर 2025 में लांच करने की योजना है। इससे जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए केवल अधिकृत स्रोतों से ही संपर्क करें। गोविंदपुरम टाउनशिप आवासीय जरूरतें पूरी करेगी, यह क्षेत्र शहरी नियोजन, हरित विकास और तकनीकी सुविधा के दृष्टिकोण से एक माडल टाउनशिप बनेगी। टाउनशिप के लिए खरीदी गई जमीन के समतलीकरण का काम हो रहा है। अगले महीने तक एजेंसी तय होने के बाद प्लानिंग शुरू हो जाएगी।

अनुभव सिंह, उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद



यह टाउनशिप सुरक्षा, हरियाली, स्मार्ट सुविधाओं और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगी। गोविंदपुरम टाउनशिप मुरादाबाद के दिल्ली रोड स्थित मंगूपुरा और मनोहरपुर गांवों की लगभग 47 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की जानी है। 32 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री करा ली गई है। सात हेक्टेयर जमीन के लिए किसानों की सहमति मिली है। जिस जमीन का बैनामा हो गया है उसके समतलीकरण (लेवलिंग) का कार्य चल रहा है। आगामी एक सप्ताह के भीतर योजना की रूपरेखा तैयार करने वाली एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके लिए निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं। इसके साथ ही रेरा में पंजीकरण और अवस्थापना ढांचे की रूपरेखा पर कार्य भी लगभग अंतिम चरण में है। यह योजना राज्य सरकार की शहरी विस्तारीकरण नीति को मजबूती देती है। बिना रेरा पंजीकरण वाली कालोनी या भूखंड की खरीद-फरोख्त से बचें और किसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग या अनधिकृत निर्माण बिल्कुल न करें। एमडीए की वेबसाइट mdamoradabad.up.gov.in पर सारी जानकारी उपलब्ध है।

### सार्वजनिक और मनोरंजन सुविधाएं

- सेंट्रल थीम पार्क, अर्बन प्लाजा, सामुदायिक केंद्र
- खेल परिसर और बच्चों के खेलने के लिए विशेष क्षेत्र

### अवसंरचना और कनेक्टिविटी

- टाउनशिप की दिल्ली रोड और बाईपास से सीधी कनेक्टिविटी
- हरियाली से युक्त पैदल और साइकिल मार्ग
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए स्टापेज और ई-रिक्शा पथ की व्यवस्था
- पर्यावरणीय और स्मार्ट समाधान वर्षा जल संचयन प्रणाली
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)

### योजना की विशेषताएं

- गोविंदपुरम एमडीए की पहली गेटेड कम्युनिटी होगी।
- उच्च और मध्यम आय वर्ग के लिए आधुनिक गेटेड प्लाट्स
- ईडब्ल्यूएस और एलआइजी वर्ग के लिए अलग-अलग आवास व प्लाट
- हरे-भरे पार्क, चौड़ी सड़कें और साइकिल पथ
- सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे, गार्ड्स और नियोजित प्रवेश व निकास व्यवस्था
- टाउनशिप के भीतर रिटेल हब और शैक्षणिक संस्थानों के लिए भूमि आरक्षित
- कार्यालय, हेल्थ सेंटर और शापिंग जोन जैसी आवश्यक संस्थागत संरचनाएं

# सुनियोजित विकास

इस टाउनशिप में उच्च आय वर्ग (HIG) एवं मध्य आय वर्ग (MIG) के लिए विभिन्न आकारों के भूखंड उपलब्ध होंगे, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) एवं निम्न आय वर्ग (LIG) के लिए भी आवासीय भूखंडों की व्यवस्था की जाएगी। टाउनशिप में खुदरा केंद्र, शैक्षणिक संस्थान, कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र एवं शॉपिंग ज़ोन प्रस्तावित हैं, जिनके साथ एक केंद्रीय थीम पार्क, अर्बन प्लाज़ा, सामुदायिक केंद्र तथा खेल परिसर की भी परिकल्पना की गई है। समेकित वर्षा जल संचयन प्रणाली तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) की व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में उक्त योजना की भूमि समतलीकरण का कार्य प्रगति पर है।

**सेंट्रल पार्क**



**LIG|MIG|HIG प्लॉट**




**सामुदायिक स्थान**


**किफायती मकान**




**वाणिज्यिक परिसर और कार्यालय**

## ग्राफ़िक्स फॉर रेफरेंस

# सतत विकास

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत MDA शिवालिक नामक मेगा टाउनशिप का विकास कर रहा है। यह योजना 11 ग्रामों को 1250 ha भूमि पर प्रस्तावित है | इसके प्रथम चरण में ग्राम डिडोरा, डिडोरी, रसूलपुर सुनवाती में 358 ha भूमि पर विकसित की जाएगी |






*योजना - जिसमें शामिल हैं - मेडिसिटी (1.33 वर्ग.किमी., एक आईटी सिटी (1.67 वर्ग.किमी.), शिल्पग्राम (1.79 वर्ग.किमी), सपोर्ट सिटी (0.28 वर्ग.किमी), एक केंद्रीय पार्क (0.76 वर्ग.किमी) एवं 7.66 वर्ग.किमी आवासीय क्षेत्र।*

**यह योजना प्राधिकरण की मोरादाबाद योजना के ठीक उत्तर दिशा में विकसित की जानी है**














# नियोजित विकास

प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित आवासीय योजना सह्याद्रि (सोनकपुर) माह अक्टूबर 2025 तक लांच किया जाना प्रस्तावित है | योजना का पंजीकरण RERA में कराया जा रहा है| योजना के प्रथम चरण में पॉकेट A की लॉन्चिंग प्रस्तावित है| योजना में अन्तर्गस्त शासकीय भूमि के स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया तीव्रता से गतिमान है |




***51 हेक्टेयर** योजना में लगभग **1,600 विभिन्न** आकार के **प्लॉट्स उपलब्ध** हैं, जिनमें **अंगनवाड़ी, बैंक, कुशल सीवरेज सिस्टम, ई-सुविधा केंद्र, मनोरंजन एवं खेल क्षेत्र** सहित अनेक आवश्यक सुविधाएँ शामिल हैं*

## सह्याद्रि (सोनकपुर) योजना






**MDA के अधिकारी निरीक्षण स्थल पर**

**श्री अनुभव सिंह (उपाध्यक्ष-मुरादाबाद विकास प्राधिकरण)** के मार्गदर्शन में MDA के अधिकारी नियमित स्थल निरीक्षण कर रहे हैं ताकि परियोजना के भौतिक कार्यों की प्रगति का समुचित अनुश्रवण एवं शीघ्रता सुनिश्चित हो सके। सिविल कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जा रहे हैं तथा योजना को जन सामान्य के लिए लॉच करने हेतु तैयार किया जा रहा है

# नियोजित विकास

*मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (MDA) अपने मूल सिद्धांत 'हमारा प्रयास, सुनियोजित विकास' के तहत कार्य कर रहा है एवं जन कल्याण के उद्देश्य की पूर्ति हेतु जनता तथा सभी हितधारकों के लिए सुधारित सुविधाओं के विकास हेतु प्रतिबद्ध है*




नया मुरादाबाद के **सेक्टर-9 में स्थित इको-हर्बल पार्क** एवं **सेक्टर-2 में स्थित भारत दर्शन पार्क** जैसे नगरीय उद्यानों के उन्नयन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इन पार्कों को बेहतर सुविधाओं, **परिदृश्य सौंदर्यीकरण, स्पष्ट संकेत-पट्टकों एवं सार्वजनिक सुविधाओं** के साथ विकसित किया जा रहा है ताकि वे निवासियों के लिए मनोरंजन एवं सामुदायिक स्थल के रूप में कार्य कर सकें। यह प्रयास किए जा रहे हैं कि ये हरित क्षेत्र सुलभ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रहें।

**भारत दर्शन पार्क सभी निवासियों एवं हितधिरकों के लिए अपना आकर ले रहा है। यथास्थान भविष्य में मोरादाबाद को प्रमुख मनोरंजक स्थल के रूप में विस्तारित होगा। जहाँ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा व दुनिया के अजूबों को एक ही स्थल में साक्षात अनुभूत किया जा सकेगा।**







**कॉन्सेप्ट वीडियो के लिए QR कोड स्कैन करें**

# नियोजित विकास

*मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (MDA) अपने मूल सिद्धांत 'हमारा प्रयास, सुनियोजित विकास' के कार्य कर रहा है एवं जन कल्याण के उद्देश्य की पूर्ति हेतु जनता तथा सभी हितधारकों के लिए सुधारित सुविधाओं के विकास हेतु प्रतिबद्ध है*

## सांस्कृतिक व मनोरंजक स्थलों का विकास

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का भारत दर्शन पार्क बिखेरने लगा अपनी खूबसूरती, जल्द होगा जनता के हवाले





**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जहां मुरादाबाद नगर निगम विभाग द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों को सजाने का काम किया जा रहा है तो, वही मुरादाबाद विकास प्राधिकरण भी एक कदम आगे बढ़कर ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने का काम कर रहा है । मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मुरादाबाद दिल्ली रोड के मुख्य द्वार को खूबसूरत लुक दिया जा रहा है तो वहीं मुख्य मार्ग को भी खूबसूरत बनाने की कवायत की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग को नया लुक देने के साथ साथ एमडीए अपनी अवासीय योजनाओं को भी बेहतर करने का कार्य कर रहा है। एमडीए द्वारा इन दिनों एक ऐसे पार्क की स्थापना की जा रही है जिसमे दुनिया के साथ अजूबे एक साथ दिखाई देंगे। सेवन वंडर पार्क के नाम से जाना जाने बाले इस पार्क को मूर्त रूप देने का काम किया जा रहा है। दुनिया के सात अजूबों को इन दोनों मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना नया मुरादाबाद के सेक्टर 2 में स्थापित करने का काम एमडीए द्वारा किया जा रहा है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सचिव अंजू लता का कहना है कि हम नया मुरादाबाद अवासीय योजना के सेक्टर 2 में 7, वंडर पार्क के नाम से सात अजूबे पार्क बना रहे हैं। इस पार्क में लाल किला ,आगरा का ताजमहल, दिल्ली की कुतुब मीनार, एफिल टावर, द स्टैचू ऑफ लिबर्टी,पीशा की झुकी मीनार, हैदराबाद की चारमीनार ,मिश्र के पिरामिड ,सहित दुनिया भर की अद्भुत आकृतियां इस सेवन वंडर पार्क में स्थापित की जा रही हैं। आपको बताते चलें मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अपनी आवासीय योजनाओ को तेजी से विकसित करने का काम कर रहा है, एमडीए मुरादाबाद में तीन अलग-अलग नई आवासीय कालोनियां भी स्थापित करने जा रहा है। जिसमे गोविंदपुरम अवासीय योजना,सहयाद्रि अवासीय योजना,शिवालिक अवासीय योजना शामिल है। अगर हम नया मुरादाबाद अवासीय योजना की बात करे तो इस अवासीय योजना में स्थापित होने वाला यह सेवन मंडल पार्क मुरादाबाद की ख्याति को ओर उचाईयो तक ले कर जाएगा । इस सेवन वंडर में एक ही स्थान पर दुनियाभर के साथ अजूबे देख सकेगे । इस पार्क में आप अपने परिवार के साथ दुनिया के साथ अजूबों के दर्शन भी कर सकेंगे । इस सेवन वंडर पार्क में सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे हैं, तो वहीं पार्क में आने वाले पर्यटकों के लिए उस हर जरूर को स्थापित किया जा रहा है जिसकी फैमिली के लोगों को आवश्यकता होती है । प्राधिकरण के आला अधिकारियों का कहना है कि हमारा यह शहर मुरादाबाद दिल्ली एनसीआर के नजदीक होने के चलते पीतल दस्तकारी के लिए भी जाना जाता है यहां पर विदेशी नागरिक भी आते है ,ओर मुरादाबाद की धरोहरों को अपने कैमरे में कैद करने चाहते हैं । मुरादाबाद से होकर हर रोज हजारों की संख्या में सैलानी पर्यटन नगरी नैनीताल की तरफ जाते हैं, और मुरादाबाद में वह अपनी पसंद की चीजों को भी देखना चाहते हैं । पाकबड़ा जीरो पॉइंट में जैसे ही आप एंट्री करेंगे ,वैसे ही हस्तशिल्प कारीगरी के नमूने ओर मुरादाबाद के ऐतिहासिक नजरे भी देखने को मिलेंगे । मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जहां राष्ट्रीय राजमार्ग को खूबसूरत लुक दिया जा रहा है ,तो वहीं मुरादाबाद की हस्तशिल्प कारीगरी को भी दरसाने का काम किया जा रहा है । माना जा रहा है की आने वाले कुछ ही वर्षों में मुरादाबाद की पहचान उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में पर्यटन के रूप में भी की जाएगी।

# विकास एवं पर्यावरण संरक्षण


*मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (MDA) विकास कार्यों में नित नये आयामों को गढ़ रहा है हैं ताकि गतिमान एवं आगामी विकास परियोजनाएँ सीधे तौर पर शहर के हितधारकों के कल्याण में योगदान करें*

**सेक्टर 10 में जान सामान्य के उपयोग के लिए 'कुँवर सर्वेश सिंह स्मृति उपवन' का निर्माण किया गया।**



**हरे-भरे खुले क्षेत्र में ओपन जिम, जॉगिंग/ वॉकिंग ट्रैक, बैठने की व्यवस्था, बैडमिंटन कोर्ट और झूलों जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।**
















## प्राधिकरण के अधिकारीयों / कर्मचारियों हेतु नए आवासीय परिसर का विकास



नया मुरादाबाद के सेक्टर-6 में MDA स्टाफ हेतु आवासीय कॉलोनी का कार्य समापन की प्रक्रिया में है। सिविल एवं विद्युत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं, तथा आवासीय इकाइयाँ, आवास हेतु तैयार की जा रही हैं। ये कदम स्टाफ के कल्याण, स्थिरता तथा संस्थागत देखभाल को प्रदर्शित करता है ।

# बदलता मुरादाबाद
# सँवरता मुरादाबाद

## जीरो पॉइंट से गांगन नदी के पुल तक मार्ग का उच्चीकरण एवं सौंदर्यीकरण




2.5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर (दिल्ली रोड) यातायात में सुधार, सड़क सुरक्षा, हरित क्षेत्र संरक्षण तथा जन सुविधाएं विकसित करने का कार्य MDA द्वारा किया जा रहा है| सड़क के दोनों किनारों से कूड़ा उठान, पाथवे इंटरलॉकिंग और कर्ब विकास को मानकीकृत करने के लिए आवश्यक उपाय लागू किए गए हैं। शहर की दृश्य पहचान और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन, किओस्क एवं विज्ञापन संरचना स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

**रामपुर मार्ग पर भी समान कार्य सम्पन्न किए जा रहे हैं।**

## दिल्ली रोड पर चल रहे कार्य



ट्रैफिक आइलैंड



सेंट्रल वर्ज का पुन: निर्माण


चौराहों की रि-डिज़ाइन


नाली एवं सीवेज कार्य


यातायात की सुगमता हेतु रोटरी डिज़ाइन




पाथ वे व संकेत सूचक

# बदलता मुरादाबाद
# सँवरता मुरादाबाद

शहर के लिए विकसित अवस्थापना सुविधाओं में सुधार करते हुए एक जीवंत सार्वजनिक मार्ग “दिल्ली रोड” का उच्चीकरण व सौन्दर्यीकरण का कार्य MDA द्वारा किया जा रहा है, जिसमें नव रत्नों की प्रतिमाएं सुसज्जित होंगी | प्रत्येक रत्न MDA के मूल सिद्धांतों की एक कहानी कहेगा, जो सीधे शहर के  सौंदर्यीकरण प्रयासों में समृद्ध सभारतीय परंपरा को हमारी आधारशिला के रूप में सजोया जाएगा।

## आकर लेती हमारी परिकल्पना








# बदलता मुरादाबाद
# सँवरता मुरादाबाद



# विकास की अनूठी पहल

*MDA द्वारा वर्तमान समय में शहर में जो विकास कार्य कराये जा रहे है, वे शहर की इमेज बिल्डिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है |*




**दिल्ली रोड के समानान्तर स्थित अर्बन विस्ता (ज़ीरो पॉइंट) का निर्माण** किया जा रहा है, जो कभी केवल एक साधारण यातायात चौराहा था, वह अब **मुरादाबाद शहर का प्रतिष्ठित 'गेटवे' बनने की राह पर अग्रसर है।**

प्लाज़ा में **एक शीशे की एक गुंबददार गैलरी, डिजिटल डिस्प्ले, बैठने की व्यवस्था, ग्रीन पाथवे , फ़ूड कियोस्क और शौचालय होंगे**, जो संस्कृति, प्रौद्योगिकी और सतत विकास का आधुनिक संगम होगा।

***यह परियोजना, जो चौथी तिमाही, 2025 तक पूर्ण होने वाली है, शहर की हस्तशिल्प कारीगरी के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात होगी, जिसमें अन्य लाभ भी शामिल हैं।***

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की अनूठी पहल से शहर को मिल रही नई पहचान, दिल्ली रोड एंट्री मार्ग का कायाकल्प

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** मुरादाबाद अब स्मार्ट शहरों की कतार में शामिल होने की ओर अग्रसर है। विकास प्राधिकरण की दूरदर्शी योजना और निरंतर प्रयासों से दिल्ली रोड स्थित एंट्री मार्ग, विशेष रूप से जीरो प्वाइंट से गंगन नदी तक का क्षेत्र आधुनिक स्वरूप लेता जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य न केवल शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ाना है, बल्कि पर्यटकों और नागरिकों को बेहतर यातायात और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। करीब 2.75 किलोमीटर लंबे इस मोबिलिटी कॉरिडोर में तीन प्रमुख चौराहों का आधुनिक ट्रैफिक ज्यामिति के तहत सुधार किया जा रहा है। सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक





सिग्नल, डेलीनेटर, थर्मोप्लास्टिक पेंट का प्रयोग किया गया है। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए डेढ़ से दो मीटर चौड़े फुटपाथ तैयार किए गए हैं, जिनके किनारे आकर्षक ग्रीन कॉरिडोर विकसित किया गया है। साथ ही, सड़कों के दोनों ओर कार और ऑटो पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। विशिष्ट स्थानों पर सोशल गैदरिंग के लिए प्लेस मेकिंग पॉइंट्स और रात्रिकालीन सौंदर्यीकरण के लिए लो-हाइट लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे यह मार्ग दिन के साथ-साथ रात में भी आकर्षक दिखाई दे। आर्थिक रूप से इस प्रोजेक्ट को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस फी मॉडल के तहत ऐसी फर्मों का चयन किया जाएगा जो सड़क के मध्य व किनारों पर यूनिपोल बिलबोर्ड और कियोस्क के माध्यम से विज्ञापन देकर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करेंगी। वीसी एमडीए अनुभव सिंह का कहना है कि इस पूरे परियोजना का मुख्य आकर्षण नगर प्रवेश द्वार 'जीरो प्वाइंट चौराहा' है, जहां करीब 3000 वर्ग मीटर में भव्य आइलैंड विकसित किया जाने बाला है। यहां भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की ऊंची शान में स्थापना की जाएगी। साथ ही ग्लास हाउस कैफेटेरिया, छह फूड कियोस्क, एम्फीथिएटर, सूचना स्क्रीन, एलईडी विज्ञापन स्क्रीन और आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण प्रस्तावित है। प्राधिकरण सचिव अंजुलता का कहना है कि यह पहल मुरादाबाद को एक नया स्वरूप देने के साथ-साथ स्थानीय पर्यटन, व्यवसाय और रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की यह योजना वास्तव में शहर के विकास में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

# विकास की अनूठी पहल

अर्बन विस्ता की डिजाइन




अर्बन विस्ता की सेटलाइट इमेज

# विकास की अनूठी पहल

## ग्राफ़िक्स फॉर रेफेरेंस




वृत्ताकार आकृति



पर्याप्त पैदल चलने योग्य स्थान



फूड कियोस्क



सेमी स्फेरिकल स्काईलाइट



ग्रीन / ब्लू स्पेसेस



ग्लास हाउस कैफे



हरियाली




विज्ञापन स्थल

# अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्यवाही

शहर के सुनियोजित विकास हेतु अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाया जाना अत्यंत आवश्यक है | इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु एवं नियोजित विकास की संकल्पना को मूर्त रूप देने हेतु **एमडीए द्वारा माह अप्रैल से जून** तक बिना अनुज्ञा प्राप्त किये, होने वाले अवैध निर्माण एवं विकास कार्य के विरुद्ध अभियान चलाते हुए बड़ी कार्यवाहियां की है। एमडीए उपाध्यक्ष **श्री अनुभव सिंह (आई.ए.एस.) के निर्देशन में श्रीमती अंजूलता (आई.ए.एस.) सचिव**, एमडीए के सूक्ष्म पर्यवेक्षण में इस कालखंड में एमडीए द्वारा लगभग 215 बीघा अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। इस दौरान कई अवैध निर्माणों को सील किए जाने की कार्यवाही भी की गई है।



# अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्यवाही

एमडीए उपाध्यक्ष **श्री अनुभव सिंह (आई.ए.एस.) के निर्देशन में श्रीमती अंजूलता (आई.ए.एस.) सचिव**, एमडीए द्वारा की गई कार्यवाही।

## गांव गोहरपुर सुल्तानपुर में 5 बीघा पर अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त, एमडीए की बड़ी कार्रवाई





- बिना अनुमति चल रही थी प्लॉटिंग
- बुलडोजर चलाकर एमडीए ने ढहाया निर्माण
- स्थानीय लोगों ने की कार्रवाई की सराहना

**शकील सैफी**

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** गांव गोहरपुर सुल्तानपुर में 5 बीघा कृषि भूमि पर हो रही अवैध प्लॉटिंग को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने सोमवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई पूरी विधिक प्रक्रिया के बाद की गई, जिसमें बिना किसी अनुमति के हो रहे निर्माण को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। एमडीए की प्रवर्तन टीम को जानकारी मिली थी कि गांव के निवासी राशिद और इमरान द्वारा कृषि भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति के प्लॉट काटे जा रहे हैं और उन्हें बेचने की तैयारी की जा रही है। इससे क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के विस्तार की आशंका थी। प्राधिकरण ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद यह कठोर कदम उठाया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक अभियंता तन्मय यादव ने किया। उनके साथ अवर अभियंता राजन सिंह और शिव प्रकाश शुक्ला भी मौजूद रहे।

कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे पूरा अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्राधिकरण सचिव अंजुलता ने कहा कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग या निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एमडीए की इस सख्ती से अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है।

वहीं स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि इससे क्षेत्र में अवैध निर्माण पर लगाम लगेगी तथा नियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्यवाही

## अवैध निर्माणों पर गरजा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोज़र

**मुरादाबाद (बि.टा.)।** विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर जारी है। उपाध्यक्ष श्री अनुभव सिंह, आईएएस. के स्पष्ट एवं कठोर निर्देशों के क्रम में बुधवार को प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा जनपद अमरोहा के थाना गजरौला क्षेत्र में विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित करते हुए विभिन्न अवैध निर्माणों को ध्वस्त किए जाने की कार्यवाही सफलता पूर्वक संपन्न की गई।

उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत, निम्नलिखित मामलों में प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना अनधिकृत रूप से किए गए निर्माण कार्यों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें ध्वस्त कर दिया गया। जाफर मलिक, कृपानाथपुर, पक्का पुल, गजरौला, लोवश कुमार, कृपानाथपुर, धनौरा रोड, पक्के पुल से आगे, गजरौला, प्रदीप शर्मा एवं श्री अजय चौधरी, अम्बेडकर नगर, अहरौला रोड, महावीर सिंह, नन्दनवन के सामने, धनौरा रोड शामिल हैं। उक्त चारों अवैध निर्माण स्थल सब ज़ोन-23, ज़ोन-4, थाना गजरौला,



जनपद अमरोहा के अंतर्गत स्थित थे, जिनका निर्माण बिना प्राधिकरण की वैध स्वीकृति के किया जा रहा था। प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन एवं निर्मित निर्माण कार्यों को विधिवत नोटिस तामील कराते हुए, धारा-27 एवं 28 के अंतर्गत नियमानुसार बुलडोज़र चलाकर ध्वस्त किया गया। उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण समस्त नागरिकों, भूस्वामियों एवं भवन स्वामियों से अपील करता है कि वे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्राधिकरण से अनिवार्य रूप से वैध स्वीकृति प्राप्त करें। अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा अनधिकृत, अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्यवाही करते हुए, संबंधित निर्माण को तत्काल प्रभाव से ध्वस्त किया जाएगा तथा निर्माणकर्ता/स्वामी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। प्राधिकरण का उद्देश्य नगर क्षेत्र में नियोजित, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित नगरीय विकास को सुनिश्चित करना है, जिसके लिए आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## मुरादबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर की धवस्तिकरण की कार्यवाही

भास्कर ब्यूरो, पाकबडा। बुधवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मझोला थाना क्षेत्र स्थित पार्थ ओवरसीज द्वारा फर्म के समीप पांच सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल मे बिना प्राधिकरण स्वीकृति मानचित्र के अवैध निर्माण किया था अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण के प्रवर्तन दल द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को धवस्तिकरण की कार्यवाही की है तो वही मुरादबाद




विकास प्राधिकरण द्वारा लागातार लोगों से अपील की जा रही हैं कि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र व प्राधिकरण की अनुमति के विना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पूर्णत प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एमडीए यह सुनिश्चित कर रहा है कि मुरादाबाद शहर अवैध निर्माणों से मुक्त रहे और जनता को ऐसी किसी भी गतिविधि के कारण समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# डिजिटल डेवलपमेंट

*एक प्रगतिशील समाज में सूचना तक त्वरित पहुँच और सहज संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (MDA) ने अपनी **डिजिटल क्षमताओं** में एक युगांतरकारी छलांग लगाई है, जिसने **पारदर्शिता और नागरिक सहभागिता** को सीधे आपकी उंगलियों पर सुलभ बना दिया है। इस पहल की शुरुआत **पूर्व उपाध्यक्ष श्री शैलेष द्वारा की गई थी** और **वर्तमान उपाध्यक्ष श्री अनुभव सिंह** द्वारा इसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है।*



पूर्व उपाध्यक्ष, **श्री शैलेष कुमार ने पहलों का सूत्रपात किया,** जैसे: **सम्पत्ति प्रबंधन प्रणाली (Property Management System), लेखा प्रबंधन प्रणाली (Accounts Management System), ई-चालान एवं ई-डाक (E-Challan -E-Daak), विधि संबंधी मामलों का प्रबंधन (Legal Case Management System) इन modules ने एम.डी.ए. की डिजिटल छवि** में आमूलचूल परिवर्तन ला दिया है।

ये सभी हितधारकों, आवंटियों, जन सामान्य अथवा स्वयं एम.डी.ए. के कर्मचारी, को अपने स्मार्टफ़ोन पर ही विभिन्न योजनाओं की व्यापक जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं।





एम.डी.ए. ई.आर.पी. पोर्टल पाँच प्रमुख डिजिटल परिवर्तनों को समाहित करता है और इनका प्रबंधन वर्तमान में संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है:


- **संपत्ति प्रबंधन प्रणाली (Property Management System)** – एम.डी.ए. की आवंटित संपत्तियों का अनुश्रवण और अभिलेखन करने हेतु।
- **लेखा प्रबंधन प्रणाली (Accounts Management System)** – निधियों के प्रवाह की निगरानी के लिए।
- **ई-चालान और ई-डाक (E-Challan and E-Daak)** – बकाया राशि और पत्रावलियों के मूवमेंट के कुशल प्रबंधन हेतु।
- **केस प्रबंधन प्रणाली (Case Management System)** – विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित वादों को ट्रैक करने और उनका अभिलेख रखने के लिए।

# डिजिटल डेवलपमेंट


*आज के तीव्र गति से बदलते परिवेश में, सूचना तक त्वरित पहुँच और* ***सहज संवाद अत्यंत महत्त्वपूर्ण*** *हैं। मोरादाबाद विकास प्राधिकरण (MDA) ने अपनी* ***डिजिटल क्षमताओं*** *में एक युगांतरकारी छलांग लगाई है, जिसने पारदर्शिता और नागरिक सहभागिता को सीधे आपकी उंगलियों पर सुलभ बना दिया है।*




**प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम**




**अकाउंट्स मैनेजमेंट सिस्टम**





**केस मैनेजमेंट सिस्टम**




**ई-ऑक्शन**





**ई-दाक (फ़ाइल मूवमेंट - मैनेजमेंट)**





**ई-चालान (देय प्रबंधन)**

# डिजिटल डेवलपमेंट

वर्तमान उपाध्यक्ष, **श्री अनुभव सिंह**, इस **डिजिटल प्रगति** को आगे बढ़ा रहे हैं। वे मौजूदा प्रणालियों को परिष्कृत कर रहे हैं और **नई पहलों का नेतृत्व** कर रहे हैं, जैसे कि एम.डी.ए. की **पुनर्कल्पित वेबसाइट, लैंड बैंक प्रबंधन, ध्वस्तीकरण, सीलिंग सम्बन्धी कार्यवाहियों** और अवैध **निर्माणों की सैटलाइट बेस्ड निगरानी** तथा **OBPAS, ई- ऑफिस की inhouse निगरानी**।




यह उक्त वेब साईट का मात्र एक अद्यतनीकरण नहीं, अपितु एक पूर्ण कायाकल्प है, जिसे सुव्यवस्थित, सहज डिज़ाइन और सरल नेविगेशन के माध्यम से पारदर्शिता, दक्षता और आपके समग्र अनुभव को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने हेतु परिकल्पित किया गया है।


उक्त वेबसाइट के माध्यम से जन सामान्य हेतु विस्तृत विभागीय जानकारी, आगामी, प्रगतिमान और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को आसानी से ट्रैक करने तथा विस्तृत नागरिक सेवाओं तक पहुँचने की सुविधा उपलब्ध है। इन सेवाओं में संपत्ति प्रबंधन (ई-चालान भुगतान, ई-नीलामी, फ्रीहोल्ड, म्यूटेशन, आवंटन पंजीकरण), और "अपनी भूमि का भू-उपयोग ( Land Use) जानें" तथा "ऑनलाइन भवन मानचित्र अनुमोदन (ओबीपीएएस)" जैसी मानचित्र-संबंधी सेवाओं का उपयोग करना शामिल है।

**एम.डी.ए. की नयी वेबसाइट की चिर-परिचित लिंक: https://mdamoradabad.up.gov.in/ पर लॉन्च होने वाला है।**

# डिजिटल डेवलपमेंट


## प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम

## ओबीपीएएस ट्रैकिंग




## लैंड बैंक मैनेजमेंट सिस्टम

## डिमोलिशन-सीलिंग मॉनिटरिंग



# कल का मुरादाबाद

जैसे ही हम मुरादाबाद की इस विकास यात्रा के एक अध्याय को पूर्णता की ओर ले जाते हैं, हमारे समक्ष मुरादाबाद के **विकास एक सजीव और प्रेरक तस्वीर उभर कर सामने आ जाती है,** जो **रणनीतिक दृष्टिकोण, सतत प्रयासों** और हमारी **सामाजिक प्रतिबद्धता** का प्रतीक है।

पूर्व उपाध्यक्ष **श्री शैलेष कुमार द्वारा प्रारंभ की गई डिजिटल परिवर्तन** की वह पहल, जिसने हमारे नगर को भविष्य की दिशा में अग्रसर करते हुए आवश्यक सेवाओं और सूचनाओं को प्रत्येक नागरिक की पहुँच में लाया, आज मुरादाबाद की प्रगति की आधारशिला बन चुकी है। इस नींव को और सुदृढ़ करते हुए **वर्तमान उपाध्यक्ष श्री अनुभव सिंह** के **गतिशील नेतृत्व में डिजिटल एकीकरण** की नई राहें गढ़ी जा रही हैं।

यह विकास यात्रा हमें **गोविंदपुरम और शिवालिक टाउनशिप्स** के विकास की ओर अग्रसर प्रत्येक कदम में दृष्टिगोचर होती है, जहाँ **आधुनिक, किफायती आवास और आर्थिक अवसरों** का वादा निहित है। यह उच्चीकृत दिल्ली रोड की सुगम यातायात व्यवस्था में झलकती है, जिसे अब हमारी मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हुए **'नवरत्नों'** से सजाया गया है। यह **कुंवर सर्वेश सिंह स्मृति उपवन** जैसे **हरित स्थलों** और **सामुदायिक केंद्रों** में प्रदर्शित होती है, जो शांति और सह-अस्तित्व का आमंत्रण देते हैं और ये सभी प्रयास सुव्यवस्थित व टिकाऊ विकास की हमारी अटूट प्रतिबद्धता के सशक्त पद चिन्ह हैं।

किन्तु यह केवल संरचनाओं और प्रणालियों की कहानी नहीं है; यह अनेक साझेदारियों के एक मज़बूत रिश्ते की कहानी है। MDA की डिजिटल प्रगति— जैसे कि नई वेबसाइट एवं प्रतिक्रियात्मक मंच — यह सिद्ध करती है कि मुरादाबाद की उन्नति में आपकी सहभागिता ही सबसे महत्त्वपूर्ण तत्व है।

जैसे ही हम अगले अध्याय की ओर अग्रसर होते हैं, हम आपको — अपने प्रिय नागरिकों को इस साझा भविष्य में पूर्णतः सहभागी बनने का आमंत्रण देते हैं। हमारे नव-विकसित डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें, विस्तारित सेवाओं से जुड़ें, और मुरादाबाद के लिए अपने सपनों को हमारे साथ साझा करते रहें, एक ऐसा नगर जो प्रगति, पारदर्शिता और असीम संभावनाओं का प्रतीक हो।


# प्रतिक्रिया

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण मात्र एक प्रशासनिक निकाय नहीं, अपितु आपके शहर की प्रगति में एक सहभागी है। इस तिमाही की प्रगति, दूरदर्शी नेतृत्व और अभूतपूर्व टाउनशिप से लेकर उच्चीकृत व नवविकसित  सार्वजनिक स्थानों तथा डिजिटल रूप से सशक्त नागरिकों तक, एक विकासशील शहर का सजीव चित्रण प्रस्तुत करती है।हम आपको आमंत्रित करते हैं कि वेबसाइट लॉन्च होने पर उसका उपयोग करें, उन्नत नागरिक सेवाओं का उपयोग करें, और हमारे फीडबैक चैनलों (सोशल मीडिया तथा नीचे दिए गए क्यूआर कोड) के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लें। आपका जुड़ाव यह सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है ताकि मुरादाबाद एक आधुनिक, टिकाऊ और वास्तव में नागरिक-केंद्रित शहरी परिदृश्य के रूप में विकसित होता रहे। सभी आधिकारिक पूछताछ और पत्राचार के लिए, आप हमसे संपर्क कर सकते हैं

**पता: नया मुरादाबाद योजना, सेक्टर-13, दिल्ली रोड,**

**वेबसाइट: https://mdamoradabad.up.gov.in/**

**कृपया इसे स्कैन करें और अपनी प्रतिक्रिया साझा करें।**




# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण

पता: नया मुरादाबाद, सेक्टर-13, दिल्ली रोड
ईमेल: mdamoradabad2019@gmail.com
वेबसाइट: https://mdamoradabad.up.gov.in

@mda.moradabad  @mdambup  mda.moradabad